Modern Coach Factory, Raebareli

Record Note of discussion held on 15.07.2021 in the Conference Hall of Admin Building.

यांत्रिक विभाग में कनिष्ठ अभियंता पद की रिक्तियों को भरने हेतु अधिसूचनाओं को जारी किये जाने के संबंध में दिनांक 15.07.2021 को 16:00 बजे आरेडिका के कॉफ्रेंस हॉल में बैठक का आयोजन किया गया।

2. बैठक में कार्मिक विभाग से प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, सहायक कार्मिक अधिकारी/स्टॉफ, कार्यालय अधीक्षक पदोन्नति सेल, यांत्रिक विभाग से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मुख्यालय) तथा RCFMC से स्टॉफ प्रतिनिधि श्री नैब सिंह, महासचिव, श्री संतोष, सदस्य, AISCSTREA से श्री देवनाथ निर्मल महासचिव, श्री तुलसी राम वर्मा, सदस्य, RCFMU से श्री रोहित मिश्रा संगठन मंत्री, श्री रत्नेश गुप्ता, श्री जितेन्द्र सदस्य, AIOBCEA से ओम प्रकाश मौर्या, महासचिव, श्री आदित्य प्रकाश, सदस्य, RCFEU से श्री राम किशोर पाल, अध्यक्ष, श्री तेजपाल सिंह, महासचिव, श्री हरिकेश, कोषाध्यक्ष तथा MCFMS से श्री आदर्श सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, श्री सुशील गुप्ता, महासचिव, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री रजनीश, श्री धर्मेन्द्र, सदस्य उपस्थित हुए।

3. बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने सभी उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। तत्पश्चात् उप मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा JE/Mech. संवर्ग में रिक्त पदों को भरने हेतु नियम व प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया गया। Dy. CPO ने चयन प्रक्रिया के बाद होने के वाले प्रशिक्षण अवधि के संबंध में भी अवगत कराया। वर्तमान रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार, PQ कोटे से आने वाले कर्मचारियों को 03 माह तथा LDCE से आने वाले कर्मचारियों को 12 माह का प्रशिक्षण करना होता है, जिसके बाद ही उनका प्रमोशन होता है। सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में JE/Mech. संवर्ग में PQ व LDCE कोटे में कनिष्ठ अभियंता के लिए क्रमशः 20 व 20 पद रिक्त हैं।

4. चर्चा में PQ व LDCE कोटे की रिक्तियों को भरने का क्रम निर्धारित करना मुख्य विषय था। JE/PQ के पद पर पदोन्नति हेतु अंतिम अधिसूचना दिनांक- 24.05.2017 को जारी की गई जिसका पैनल दिनांक-03.04.2018 को प्राप्त हुआ था। अधिसूचना जारी करने के समय JE/LDCE के 17 पद रिक्त थे। उसके बाद पदों का सृजन हुआ जिसमें कुल JE, PQ व LDCE

के रिक्त पदों में बदलाव हुआ। जिसके बाद कुल PQ व LDCE के स्वीकृत पदों की संख्या क्रमशः 20 व 20 हो गई।

5. प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा स्टॉफ प्रतिनिधियों के समक्ष उक्त पदों को भरने के लिए 02 विकल्प का सुझाव दिया गया-

(1) PQ व LDCE कोटे की क्रमशः 20-20 रिक्तियों को भरने हेतु अधिसूचना एक साथ जारी की जाए।
(2) पूर्व में LDCE कोटे की 17 रिक्ति, फिर PQ कोटे की 20 रिक्ति एवं पुनः LDCE कोटे की 03 रिक्ति को भरने की अधिसूचना जारी की जाए।

6. स्टॉफ प्रतिनिधियों ने आपस में गहन विचार-विमर्श के बाद आम सहमति से यह निर्णय लिया कि PQ व LDCE कोटे के कनिष्ठ अभियंता के पदों को भरे जाने हेतु एक साथ अधिसूचना जारी की जाए। चूंकि PQ व LDCE कोटे हेतु आवेदन करने वाले कर्मचारियों की काफी संख्या कॉमन होगी इसलिए PQ कोटे की प्रक्रिया पहले पूर्ण कर ली जाएगी। जिससे कर्मचारी हितों को लाभ पहुंचेगा।

7. बैठक के दौरान स्टॉफ प्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पदों को भरे जाने हेतु PQ व LDCE कोटे की रिक्तियों को यांत्रिक विभाग की तर्ज पर अधिसूचना जारी करने पर सहमति व्यक्त की।

8. प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी महोदय द्वारा सहायक कार्मिक अधिकारी को यांत्रिक विभाग के PQ व LDCE कोटे की अधिसूचना अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में जारी करने का निर्देश दिया तत्पश्चात विद्युत विभाग की अधिसूचना अगस्त के द्वितीय सप्ताह में जारी करने हेतु कार्रवाई प्रारम्भ किये जाने का निर्देश भी दिया।

20.07.21
उप मुख्य कार्मिक अधिकारी

20/7/21
प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी

MCF/RBL